**Need to connect Hisar Airport in Haryana with prominent cities under UDAN Scheme-laid**

श्री जय प्रकाश **(**हिसार**) :** मैं माननीय नागर विमानन मंत्री जी का ध्यान हरियाणा राज्य के महत्वाकांक्षी हिसार हवाई अड्डे की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । यह हवाई अड्डा उत्तर भारत के लिए एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्रीय हवाई केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है । इस परियोजना से हरियाणा के नागरिकों को बेहतर हवाई संपर्क सुविधा मिलेगी और राज्य के औद्योगिक, शैक्षिक एवं चिकित्सा विकास को भी बल मिलेगा । मेरा अनुरोध है कि इस हवाई अड्डे पर यथाशीघ्र नियमित यात्री विमान सेवाएं प्रारंभ की जाएँ तथा इसे UDAN योजना के अंतर्गत प्रमुख शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई, जयपुर, चंडीगढ़, वाराणसी व हैदराबाद से जोड़ा जाए । इसके अतिरिक्त, हवाई अड्डे पर सुविधाओं का शीघ्र विस्तार कर इसे पूर्ण रूप से कार्यात्मक डोमेस्टिक टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाए । हिसार हवाई अड्डे के पूर्ण संचालन से न केवल क्षेत्रीय यात्रियों को लाभ होगा, बल्कि रोजगार, व्यापार और निवेश के अवसर भी बढ़ेंगे । इस दिशा में केंद्र सरकार द्वारा शीघ्र निर्णय एवं कार्यवाही अपेक्षित है ।